# IQAC

## प्रथम मीटिंग कार्यवृत्ति

आज दिनांक 08.07.2019 को अपरान्ह 2.00 बजे महाविद्यालय IQAC समिति के बैठक आहूत की गई जिसमें सत्र 2019-20 की कार्ययोजना बनाई गई जिसका विवरण निम्न है –

1- महाविद्यालय में स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में प्रवेश हेतु संकायवार समितियां बनाकर प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाये।

2- महाविद्यालय प्रांगण में पूर्व में रोपित पौधों में मृतप्राय पौधों के स्थान पर नवीन पौधों का रोपण किया जाय एवं मजबूत पौधों के चारों तरफ और अच्छी सुरक्षा व्यवस्था की जाये।

3- महाविद्यालय की टूटी हुई चहारदीवारी के पुनर्निर्माण हेतु सक्रिय प्रक्रियागत कार्यवाही प्रारंभ की जाये।

Pallavi Singh

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट (उ०प्र०)

# IQAC

## द्वितीय मीटिंग कार्यवृत्ति

आज दिनांक 31.07.2019 को अपरान्ह 2.00 बजे महाविद्यालय IQAC समिति की मीटिंग आहूत गई जिसमें महाविद्यालय विकास हेतु निम्न कार्ययोजना बनाई गई-

1- समस्त नव प्रवेशित /द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं हेतु समय सारिणी बनाकर नियमित कक्षाओं का वादन प्रारंभ किया जाये एवं सभी प्राध्यापक छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम से अवगत करा दें।

2- समस्त प्राध्यापकगण अपने टीचिंग प्लान बनाकर उसके अनुसार अध्यापन कार्य करें ।

3- पूर्व की भांति प्रत्येक प्राध्यापक विभागीय लाइब्रेरी से प्रवेशित छात्रों की संख्यानुसार पुस्तक प्राप्त कर छात्र-छात्राओं को आवंटित करना सुनिश्चित करेंगें ।

4- शैक्षणिक सत्र 2019-20 हेतु निर्धारित टीचिंग प्लान का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वन करते हुए सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के लगभग 50% भाग का यूनिट टेस्ट अक्टूबर 2019 के द्वितीय सप्ताह एवं शेष 50% भाग का यूनिट टेस्ट जनवरी 2020 के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जाए ।

5- चूँकि महाविद्यालय को NAAC द्वारा ग्रेडिंग प्रदान की जा चुकी है अतः महाविद्यालय के विकास हेतु RUSA द्वारा फंड/अनुदान प्राप्त करने की प्रक्रियागत कार्यवाही प्रारंभ की जाये ।

6- छात्र-छात्राओं के मांग के अनुक्रम में विभागीय परिषद् द्वारा आयोजित युवा महोत्सव में गायन प्रतियोगिता को सम्मिलित करने का अनुरोध विभागीय परिषद् प्रभारी से किया जाये ।

7- महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक UGC नोटिफाईड जर्नल्स में अपने शोध लेख प्रकाशित करना सुनिश्चित करें ।

8- पर्यावरण एवं मानवाधिकार जैसे अनिवार्य विषयों पर छात्र छात्राओं को प्रोजेक्ट/एसाइनमेंट का कार्य किया जाए ।

9- उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग के क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई प्रयागराज से मौखिक/लिखित समन्वयन करने महाविद्यालय स्तर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाये

10- समस्त प्राध्यापक UGC के मानकानुसार राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठियों में प्रतिभाग सुनिश्चित करें ।

11- UGC मापदंडों के अनुक्रम में समस्त प्राध्यापक अपनी आवश्यकतानुसार ओरिएंटेशन/रिफ्रेशर/वर्कशाप शार्ट टर्म कोर्स करने में प्रतिभाग सुनिश्चित करें ।

12- महाविद्यालय में 100 प्रतिशत LED लगाना सुनिश्चित किया जाये ।

13- भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुक्रम में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम की रुपरेखा बानाकर वर्ष भर विविध कार्यक्रमों जैसे योग, फिटनेस,रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए ।

14- छात्राओं की समस्याओं के समाधान हेतु महिला प्रकोष्ठ की नियमित बैठक आयोजित की जाए ।

15- NAAC पियर टीम द्वारा प्राप्त सलाह के अनुपालन में महाविद्यालय में 13 KW ONGRID SOLAR PANNEL की स्थापना का प्रयास किया जाए ।

Pallavi Singh

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर चित्रकूट (उ0प्र0)

# IQAC तृतीय मीटिंग कार्यवृत्ति

आज दिनांक 03.11.2019 को अपरान्ह 2.30 बजे महाविद्यालय IQAC समिति के बैठक आहूत की गई जिसमें वर्तमान सत्र की अवशेष अवधि हेतु निम्न कार्ययोजना बनाई गई –

1- माह नवम्बर के तृतीय सप्ताह में विश्व धरोहर सप्ताह के अंतर्गत चित्रकला, निबंध,भाषण, पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाए जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ नवोदय विद्यालय मानिकपुर एवं आदर्श इंटर कॉलेज तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को भी सहभागिता प्रदान की जाए।साथ ही साथ छात्र-छात्राओं हेतु एक शैक्षणिक भ्रमण का भी आयोजन किया जाए।

2- माह फरवरी 2020 में वार्षिक समारोह "परिमल" का आयोजन किया जाए।

3- चूँकि महाविद्यालय की स्थापना में 13 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं अतः महाविद्यालय में परास्नातक स्तर की कक्षाओं हेतु शासन स्तर पर आवश्यक प्रयास किए जाए।

Pallavi Singh

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ०प्र०)

# IQAC चतुर्थ मीटिंग कार्यवृत्ति

आज दिनांक 30.03.2020 IQAC की बैठक ज़ूम एप के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की गई जिसमें वैश्विक कोरोना महामारी (COVID-19) संकट के दृष्टिगत निम्न कार्ययोजना बनाई गई –

1- सभी छात्र-छात्राओं को कोविड-19 से बचाव हेतु घर में रहने के लिए प्रेरित किया जाए ।

2- सभी प्राध्यापकों को ऑनलाइन कक्षाओं हेतु प्रोत्साहित किया जाए तथा छात्र-छात्राओं को ZOOM APP के माध्यम से कक्षाएं लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाए ।

3- समस्त प्राध्यापक पूर्व निर्मित WHATSAAP ग्रुप के माध्यम से कोरोना बचाव एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की सूचनाये छात्र-छात्राओं तक सतत पहुंचाते रहे । साथ ही छात्र – छात्राओं को मास्क पहनने, हाथ साफ़ करने एवं समय- समय पर प्राप्त सरकारी दिशानिर्देशों के अनुपालन हेतु सोशल मीडिया के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाए ।

4- चूँकि RUSA द्वारा महाविद्यालय को अनुदान की प्रथम किश्त प्राप्त हो गई है अतः लॉकडाउन ख़त्म होने के बाद कोविड-19 के सुरक्षा मापदंडों को सुनिश्चित करते हुए महाविद्यालय में विकासात्मक कार्यों को गति प्रदान की जाए।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
मानिकपुर, चित्रकूट (उ0प्र0)

Pallavi Singh